दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 629/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी थाना खरेला

## थाना खरेला पुलिस की तत्परता से अतिवृष्टि के कारण जलभराव में फंसे 07 ग्रामीणों एवं उनके पशुओं को सुरक्षित निकाला गया।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अतिवृष्टि एवं जलभराव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है तथा संकट में फंसे लोगों की सहायता हेतु त्वरित कार्रवाई की जा रही है।
- इसी क्रम में दिनांक 27.08.2026 को थाना खरेला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बराए में बहादुर पुत्र कल्लू उम्र करीब 65 वर्ष एवं उनकी पत्नी तुलसा उम्र करीब 60 वर्ष, जो अपने खेत में बने छप्पर में अपने पशुओं के साथ रह रहे थे, अत्यधिक वर्षा के कारण छप्पर के आसपास जलभराव होने से पानी में फंस गए हैं तथा बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।
- सूचना पर थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों की सहायता से दोनों पति-पत्नी को उनके पशुओं (गाय एवं बकरियों) सहित सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।
- इसी प्रकार दिनांक 27.08.2026 को ग्राम जरौली में अत्यधिक वर्षा के कारण खेत के पास बने मकान के आसपास जलभराव होने से राजेश पुत्र जयप्रकाश उम्र करीब 38 वर्ष, श्रीमती सुदामा पत्नी राजेश उम्र करीब 36 वर्ष, लोकेन्द्र पुत्र राजेश उम्र करीब 16 वर्ष, विनोद पुत्र हरिसिंह उम्र करीब 35 वर्ष एवं श्रीमती मोहिनी पत्नी विनोद उम्र करीब 28 वर्ष अपने पशुओं सहित पानी में फंस गए थे तथा बाहर नहीं निकल पा रहे थे।
- सूचना मिलते ही थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों की सहायता से सभी 05 व्यक्तियों को उनके पशुओं सहित सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उक्त घटना में भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।
- इसके अतिरिक्त, नदी के रपटा पर पानी का बहाव तेज होने के दृष्टिगत थाना खरेला पुलिस द्वारा ग्रामीणों को रपटा के पास न जाने, अनावश्यक रूप से जलभराव वाले स्थानों पर न जाने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने हेतु समझाया गया एवं आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए जागरूक किया गया।
- थाना खरेला पुलिस की त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई से कुल 07 ग्रामीणों एवं उनके पशुओं को सुरक्षित बचाया गया।





दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 630/26

# महोबा पुलिस

## रक्षाबन्धन पर्व पर महोबा पुलिस की विशेष सुरक्षा पहल

### महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एण्टी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीमों की पैनी नजर, प्रमुख बाजारों व चौराहों पर लगातार भ्रमण।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थानो में नियुक्त समस्त एण्टी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं महिलाओं की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।
- एण्टी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली जा रही है। साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की असहज स्थिति, छेड़छाड़ अथवा अन्य समस्या होने पर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।
- पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। महिलाओं एवं बालिकाओं को यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के लिए महोबा पुलिस सदैव तत्पर है तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध करायी जाएगी।
- रक्षाबन्धन पर्व के दौरान बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर बढ़ने वाली भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीमों द्वारा निरंतर भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को निर्भीक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके तथा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।
- महोबा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से निरंतर जागरूकता, संवाद एवं सुरक्षा संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।





दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 631/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम के उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराह कां0 हेमन्त कुमार द्वारा थाना कबरई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 182/2026 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 5L/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रवीन पुत्र जगदीश, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कटेरा थाना कटेरा जनपद झांसी को आज दिनांक 28.08.2026 को पहरा रोड के किनारे, ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

प्रवीन पुत्र जगदीश, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कटेरा थाना कटेरा जनपद झांसी

### अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 182/2026 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 5L/6 पॉक्सो एक्ट, थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह थाना कबरई जनपद महोबा
2. का0 हेमन्त कुमार थाना कबरई जनपद महोबा



दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 632/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित।

- दिनांक 27.08.2026 की सायं को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।

- सर्वप्रथम मासिक सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके उपरांत जनपद की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के संबंध में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

- वर्तमान में जनपद में हो रही भारी बारिश के दृष्टिगत आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने, पुलिस कर्मियों को छतरी एवं रेनकोट आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा प्रतिकूल मौसम में भी आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए।

- रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी गश्त, निगरानी एवं आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी महिला अथवा बालिका के साथ अप्रिय घटना घटित न हो और उन्हें सुरक्षित वातावरण का भरोसा प्राप्त हो।

- जनपद के ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की गई। सभी सुरक्षा मानकों का विशेषज्ञों से परीक्षण एवं प्रमाणीकरण कराने, पर्याप्त फायर टेंडर की व्यवस्था रखने, ड्यूटी में लगे पुलिस बल को समुचित ब्रीफिंग देने तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से भीड़ एवं यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सभी आयोजनों में छोटी से छोटी घटना पर त्वरित पुलिस रिस्पांस सुनिश्चित करने तथा महिलाओं को सुरक्षित एवं सहज परिवेश उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

- अपराध समीक्षा के दौरान समस्त क्षेत्राधिकारियों को घटित अपराधों, लंबित विवेचनाओं एवं अन्य प्रकरणों का नियमित पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए गए। लंबित विवेचनाओं पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। 60/90 दिवस की विवेचनाओं की समीक्षा कर अभियोजन अधिकारियों से आवश्यक विधिक राय एवं अभिमत प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

- ई-साक्ष्य, ई-समन, यक्ष ऐप, NBW तामीला, IIF-8 एवं बीट सूचनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आगामी चुनावी वर्ष के दृष्टिगत पुराने अपराधियों का सत्यापन कर उनके क्रियाकलापों पर सतर्क निगरानी रखने तथा निरोधात्मक कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

- गुमशुदा एवं अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी हेतु सार्थक एवं प्राथमिकता के आधार पर प्रयास करने के निर्देश दिए गए। लंबित घटनाओं के शीघ्र अनावरण, मफरूर एवं इनामिया अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा चोरी की पुरानी घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए।

- जनपद की सीमावर्ती थानों की समीक्षा करते हुए विशेष निगरानी तंत्र विकसित करने तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीआरवी के रूट व्यवस्थापन की समीक्षा कर उनकी जनता के बीच उपलब्धता एवं विजिबिलिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आसपास के जनपदों से समन्वय स्थापित कर सक्रिय चोरी के गैंग की सूची तैयार करने एवं उनके आवागमन पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

- लंबित प्रार्थना पत्रों एवं IGRS से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। जातिगत, धार्मिक एवं अन्य संवेदनशील विवादों की सूचना पर त्वरित रिस्पांस एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

- पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन दहन एवं माल मुकदमाती निस्तारण आदि अभियानों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- आगामी त्योहारों एवं कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत सभी घुमंतू प्रजाति के व्यक्तियों का नियमानुसार सत्यापन/चेकिंग करने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा जहरखुरानी एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

- पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि+कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। पुलिस की कार्यप्रणाली में संवेदनशीलता, त्वरित रिस्पांस एवं प्रभावी कार्रवाई को प्राथमिकता देते हुए आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जाए।

- इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहायक अभियोजन अधिकारी समस्त थाना प्रभारी समस्त शाखा प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।



महोबा पुलिस

दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 633/26

# ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक महोबा ने की ब्रीफिंग एवं स्थलीय निरीक्षण।

- बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परंपरा के प्रतीक कजली मेला महोत्सव को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 28.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा कीरत सागर स्थित कार्यक्रम स्थल, मेला परिसर, शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग एवं संबंधित पुलिस चौकियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

- इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री इंद्र नंदन सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी श्री अजय पाल सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में मेला एवं जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**सुरक्षा व्यवस्था के प्रमुख प्रबंध-**

- मेला परिसर में अस्थाई मेला कोतवाली की स्थापना की गई है, जिसके प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह नामित किए गए हैं।
- सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन अस्थाई पुलिस चौकियों का गठन किया गया है।
- सादे वस्त्रों में एलआईयू/पुलिस बल की तैनाती की गई है।
- आकस्मिक परिस्थितियों से त्वरित निस्तारण हेतु QRT (Quick Response Team) को अलर्ट मोड में रखा गया है।
- पर्याप्त पुलिस बल को रिजर्व में रखा गया है।
- अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत उच्च क्षमता वाले फायर टेंडर को अलर्ट मोड में रखा गया है।
- यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु डायवर्जन प्लान लागू किया गया है तथा महत्वपूर्ण प्वाइंट्स पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।
- मेला परिसर में वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित रखते हुए भीड़ एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें, किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करें तथा किसी भी प्रकार की कमी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दें।

- उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, आमजन के साथ मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने तथा मेला परिसर में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु/आगंतुक की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



महोबा पुलिस

दिनांक- 28.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 634/26

# पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में रक्षाबंधन पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा जनपद में व्यापक चेकिंग एवं पैदल गश्त...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में रक्षाबंधन पर्व पर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार द्वारा थाना कुलपहाड़ पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में प्रमुख चौराहों, मुख्य बाजार, होटल, ढाबों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख मार्गों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग एवं पैदल गश्त की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्यवाही की गई।

होटल, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले व्यक्तियों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही पुलिस बल को पर्व के दौरान निरंतर सतर्कता बरतने, संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महोबा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें तथा रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें।

रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु महोबा पुलिस द्वारा निरंतर चेकिंग, पैदल गश्त एवं सतर्क निगरानी की जा रही है।



